

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने बांग्लादेश का पुतला जलाया

**आष्टा.** पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में दीपूचंद्र दास को पेड़ से लटका कर जिंदा जलाने की खबर से इंसान को अंदर तक झकझोर दिया है. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष दीपक राठौर मोदी के नेतृत्व में कन्नौद रोड स्थित कालोनी चौराहे पर बांग्लादेश पुतला दहन किया. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि बांग्लादेश में दीपूचंद्र दास को जिंदा जलाने वाला मामला बेहद दुखद है, वह हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे है और बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही ये निंदनीय है, यह नया भारत है अगर बांग्लादेश सरकार ने ठोस कदम उठा कर हिन्दुओं की सुरक्षा नहीं की तो भारत भी चुप नहीं बैठेगा क्योंकि ये मोदी जी का नया भारत है.

# विधायक ने दी करोड़ों रुपए के विकास की सौगात

## विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन और शिलान्यास किया

**छतरपुर,25 दिसंबर. तहसील के ग्राम बृजपुरा और कादरी को विकास की दिशा में बड़ी सौगात मिली है. क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव ने कुल 1.06 करोड़ की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन और शिलान्यास किया. इस अवसर पर छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव उर्फ मोनू यादव सहित ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की.**

कादरी ग्राम को विशेष रूप से इस विकास कार्यक्रम के माध्यम से महत्वपूर्ण लाभ मिला है. स्वीकृत राशि का उपयोग सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पुलिया, सामुदायिक भवन, विद्यालय और जल संरचनाओं के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण में किया जाएगा. इससे ग्रामवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी और आवागमन, स्वच्छता और शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे.




विधायक ललिता यादव ने कहा कि यह पहल ग्रामवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन परियोजनाओं का पूर्ण लाभ लें और इन्हें संरक्षित रखने में सहयोग करें. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी विकास कार्यों की महत्ता को रेखांकित किया और बताया कि यह परियोजनाएं क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ाएंगी.

> इस तरह की योजनाओं के माध्यम से बृजपुरा और कादरी गांव में रहने वाले लोगों के लिए आधुनिक और व्यवस्थित जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है. विकास कार्यों के पूरा होने के बाद यह क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललिता यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों का समग्र और संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जाएंग.

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया सृजन कार्यक्रम

**चंदला,25 दिसंबर.सांदीपनि विद्यालय चंदला में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे सत्र में सीखी गई गतिविधियों और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहन मॉडल बनाकर प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखकर उपस्थित अतिथि, अभिभावक और जनप्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिभा की सराहना की और उत्साहवर्धन किया.**

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी कराई गईं. प्रमुख अतिथि संकुल प्राचार्य विनोद बाजपेई और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ व्याख्याता महेश त्रिवेदी ने छात्रों के प्रदर्शनों की सराहना की और बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत उन्हें अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया. प्रदर्शनी में अनोखे और विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया. एक छात्र ने ऐसा स्मार्ट चश्मा तैयार किया है,



जिसमें सेंसर लगे हैं; अगर चालक अपनी आंखें बंद करता है तो गाड़ी कुछ सेकंड में स्वत: रुक जाती है. इसके अलावा पानी में आग जलाने और लकड़ी में तेल डालकर आग लगने जैसे विज्ञान आधारित प्रयोग भी प्रदर्शित किए गए. प्राचार्य करन सिंह पटेल ने बताया कि सृजन कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है. इसमें छात्रों द्वारा पूरे सत्र में सीखी गई सभी गतिविधियों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाता है. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया, जबकि उनके अभिभावकों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया.



## छतरपुर जिला जेल में अवैध वसूली के आरोप

▶ वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**छतरपुर,25 दिसंबर. जिला जेल में कैदियों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है.**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में जेल कैंटीन में तैनात महिला जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार पर आरोप लगाया गया है कि वह कैदियों और उनके परिजनों से सामान और सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर अतिरिक्त पैसे वसूलती थीं. वीडियो में पैसों के लिए मोलभाव, गुटखा-बीड़ी एमआरपी से महंगे दामों पर देना, नए कैदियों से सफाई कार्य न कराने के बदले हजारों रुपए लेना और पैसे बैग में रखते दिखना जैसे दृश्य शामिल हैं.

जेल प्रशासन ने वीडियो की सत्यता और समय की पुष्टि के लिए जांच शुरू की है. जेल अधीक्षक दिलीप सिंह जाटव ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वायरल वीडियो 4 से 7 महीने पुराना है और गर्मियों का है. उनके अनुसार, कैंटीन में कैदियों द्वारा तय सीमा तक राशि जमा कर सामान लेना वैध है. पहले यह सीमा 1,500 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 2,000 रुपए कर दिया गया है.

> जेल विभाग ने कहा कि वीडियो की जांच जारी है और महिला प्रहरी पुष्पा अहिरवार को निलंबित कर सतना सेंट्रल जेल में अटैच किया गया है. आरोपों में ब्लैकमेलिंग का भी दावा सामने आया है. बताया गया कि पूर्व बंदी द्वारा महिला प्रहरी को वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर आया. अब यह जांच की जा रही है कि वसूली वैध थी या अवैध, वीडियो अचानक क्यों सामने आया और आरोप कितने सही हैं. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.


## तेंदुए-बाघ की तलाश में भटक रहे वनकर्मी

**सीहोर.** इन दिनों जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ और बाघ की मौजूदगी के मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं वन विभाग के कर्मचारी भी संभावित ठिकानों की खाक छान रहे हैं, लेकिन अब तक कहीं भी तेंदुआ या बाघ उनकी नजर में नहीं आ सका है. गुरुवार को वन कर्मचारियों ने कई गांवों में पहुंचकर जायजा लिया और फुटप्रिंट देखे. बीते कुछ दिनों से शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है, वहीं अहमदपुर क्षेत्र के भी ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ होने के दावे किए जा रहे हैं. इसके अलावा बिलकीसगंज क्षेत्र के रामाखेड़ी चंदेरी आदि गांवों में बाघ का मूवमेंट होने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है.

## रंगों और चित्रकला से सड़क सुरक्षा का संदेश

**छतरपुर,25 दिसंबर. पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दीवारों को आकर्षक और जनजागरूकता से भरपूर बनाने के उद्देश्य से चित्रकला पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है. इस पहल के माध्यम से जिले में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश आमजन तक रंगों और चित्रों के जरिए पहुँचाए जा रहे हैं.**

दीवारों पर बनाई जा रही पेंटिंग्स में हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, सुरक्षित गति से वाहन चलाना और सड़क पर अनुशासन बनाए रखना जैसे विषय प्रभावी ढंग से दर्शाए गए हैं. इस अभिनव प्रयास में स्थानीय कॉलेज के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और अपनी कला प्रतिभा



से सामाजिक संदेश दे रहे हैं.

इन रचनात्मक चित्रों से न केवल एसपी कार्यालय की दीवारें सौंदर्यपूर्ण बन रही हैं, बल्कि राहगीरों और कार्यालय आने वाले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम भी बन रही हैं. प्रशासन का मानना है कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से युवाओं की सहभागिता बढ़ती है और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनमानस में सकारात्मक सोच विकसित होती है. यह पहल स्थानीय प्रशासन और युवाओं के बीच संवाद को भी मजबूत बना रही है और यातायात नियमों का पालन करने में आम जनता को प्रेरित कर रही है.

## ये सड़क नहीं, सिस्टम की खुली लूट

घटिया सीसी रोड निर्माण कार्य पर उठे सवाल

**चंदला,25 दिसंबर.विकास कार्यों के नाम पर हो रही लापरवाही और भ्रष्टाचार की एक और तस्वीर लवकुश नगर जनपद की ग्राम पंचायत सूरजपुरा के मजरा सिमराही से सामने आई है. यहां लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सडक़ कागजों में तो चमचमाती नजर आ रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि सडक़ निर्माण में न तो निर्धारित मोटाई का ध्यान रखा गया और न



ही गुणवत्ता का. निर्माण के दौरान करीब 6 इंच मिट्टी या मुरूम डालकर उसके ऊपर मात्र 2 इंच की सीसी परत बिछा दी गई, जिसे विकास कार्य बताकर पूरा कर दिया गया. ऐसे में यह सडक़ कुछ ही दिनों में उखडने और टूटने की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीणों का सवाल है कि जब निर्माण कार्य स्पष्ट रूप से घटिया है, तो फिर मूल्यांकन कैसे हो गया? बिना जांच और बिना आपत्ति के भुगतान होना अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है. लोगों का आरोप है कि पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखा गया है. रामेश्वर विश्वकर्मा के घर से सुरेश गुप्ता के घर तक लगभग 25 मीटर लंबी सीसी सडक़ का निर्माण किया जा रहा है, जिसे ग्रामीण रतिराम, रानी कुशवाहा और गोविंदास ने पूरी तरह घटिया बताया. उनका कहना है कि अधिकारियों द्वारा मौके पर कोई निरीक्षण नहीं किया जाता और निर्माण कार्य केवल कागजों में ही गुणवत्तापूर्ण दिखा दिया जाता है. मामले को लेकर जब संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो फोन नहीं उठाया गया. वहीं इस संबंध में जनपद स्तर से यह बयान सामने आया कि सूचना उपयंत्री को भेजकर जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

## 9 हजार उपभोक्ताओं पर 2.42 करोड़ बकाया बिल

**छतरपुर,25 दिसंबर. छतरपुर जिले के बड़ामलहरा विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं पर भारी बकाया राशि सामने आई है.**

विद्युत विभाग के अनुसार क्षेत्र के करीब 9 हजार उपभोक्ताओं पर कुल 2 करोड़ 42 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है. समय पर बकाया जमा नहीं करने पर विभाग द्वारा कुर्की सहित सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है.

बड़ामलहरा विद्युत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता बी.पी. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत सरचार्ज माफी की समाधान योजना लागू की गई है. यह योजना 31 दिसंबर तक प्रभावशील रहेगी.

इसके तहत उपभोक्ता केवल मूल बकाया राशि जमा कर सरचार्ज से पूरी तरह छूट प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लगातार बकाएदार उपभोक्ताओं से संपर्क किया जा रहा है और उन्हें समय रहते बिल जमा करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है. इसके बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब तक अपने बकाया का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिससे विभाग की राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है.

> सहायक अभियंता ने स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर के बाद समाधान योजना समाप्त हो जाएगी और इसके बाद जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया रहेगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कुर्की, कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. विद्युत विभाग ने सभी बकाएदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने बकाया बिल का भुगतान कर शासन की इस राहत योजना का लाभ उठाएं. समय रहते भुगतान करने से न केवल अतिरिक्त सरचार्ज से बचा जा सकता है, बल्कि भविष्य में होने वाली सख्त कार्रवाई से भी राहत मिल सकेगी.

## सीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं के आरोप

**लवकुशनगर,25 दिसंबर. जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत माधवपुर के माजरा कछिन पुरवा में कराए जा रहे लगभग 400 मीटर लंबे सीसी सड़क निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ता विहीन है और इसमें शासन के तय मानकों की अनदेखी की जा रही है.**

ग्रामीणों के अनुसार सीसी सड़क निर्माण में वाइब्रेटर केवल दिखावे के लिए रखा गया है, उसका वास्तविक उपयोग नहीं किया जा रहा. सड़क की मोटाई नियमानुसार 9 इंच होनी चाहिए, जबकि मौके पर केवल 4 से 5 इंच



की ही परत डाली जा रही है. इसके अलावा फिनिशिंग से पहले न तो बेस डाला जा रहा है और न ही मिट्टी के ऊपर पॉलीथिन शीट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं. ग्रामीण अमलेश यादव सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में सरपंच और सचिव की मनमानी चल रही है. पूर्व में कराए गए निर्माण कार्य भी घटिया गुणवत्ता के रहे हैं.

> उन्होंने बताया कि माध्यमिक शाला माधवपुर से नाले की ओर बनाई गई नाली एक वर्ष के भीतर ही टूटने लगी है. आरोप है कि संबंधित उपयंत्री और इंजीनियर मौके पर निरीक्षण नहीं करते और घर बैठे ही मूल्यांकन कर देते हैं. इस संबंध में जनपद पंचायत लवकुशनगर के सीईओ पी.एल. यादव ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और गुणवत्ता के अनुसार ही निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जाएगा.



## छतरपुर में नन्हे बच्चों ने किया तुलसी पूजन

▶ भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**छतरपुर, 25 दिसंबर. क्रिसमस के उल्लास के बीच बजरंग नगर के एक कोचिंग सेंटर में छोटे बच्चों ने तुलसी पूजन कर भारतीय संस्कृति की झलक पेश की. यूकेजी से लेकर कक्षा 6 तक के बच्चों ने श्रद्धा भाव से तुलसी माता की पूजा-अर्चना की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**

बच्चों ने छोटे-छोटे गमलों में तुलसी के पौधे लगाए और उन्हें रंग-बिरंगी पेंटिंग और सजावट से सजाया. उनके नन्हे हाथों से बने चित्र और सजावट उनकी रचनात्मकता के साथ-साथ प्रकृति के प्रति प्रेम को भी दर्शा रहे थे. इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि कम उम्र से ही बच्चों में संस्कृति, संस्कार और पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित की जा सकती है. कोचिंग संचालिका ऋतु खरे ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और उन्हें पर्यावरण के महत्व से परिचित कराना है. उन्होंने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ परंपराओं और संस्कारों की जानकारी देना आवश्यक है. तुलसी पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों में जिम्मेदारी, श्रद्धा और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं. इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि आने वाली पीढ़ी भारतीय संस्कृति को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम है और परंपराओं के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी योगदान दे सकती है.

**विरासत** ▶ छतरपुर शहर के महोबा रोड स्थित मित्र कलीशिया चर्च करीब 94 वर्ष पुराना

## ऐतिहासिक चर्चों में क्रिसमस पर दिखी आस्था और विरासत की झलक

**छतरपुर, 25 दिसंबर. जिले में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान निर्मित चर्च आज भी अपनी ऐतिहासिक पहचान और धार्मिक गरिमा के साथ खड़े हैं. क्रिसमस के अवसर पर ये चर्च न केवल मसीही समाज की आस्था का केंद्र बने, बल्कि जिले की सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं. छतरपुर शहर और नौगांव में स्थित चर्च इस बात का प्रमाण हैं कि समय बदलने के बावजूद धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित रखी जा सकती है.**

छतरपुर शहर के महोबा रोड



स्थित मित्र कलीशिया चर्च करीब 94 वर्ष पुराना है. इसकी स्थापना 1930-31 में अमेरिकी मिशनरियों द्वारा की गई थी, जबकि तत्कालीन महाराजा भवानी सिंह ने इसके लिए भूमि दान में दी थी. स्वतंत्रता से पहले इसका संचालन मिशनरियों द्वारा किया जाता रहा.

इतिहासकार शंकर लाल सोनी के अनुसार, 1955 में इसे स्थानीय मसीही समाज को सौंपा गया और तब से यहां नियमित प्रार्थनाएं और देखभाल होती रही. वर्ष 1979 में चर्च का जीर्णोद्धार कराया गया, जिससे इसकी ऐतिहासिक संरचना सुरक्षित रही.

> वहीं, नौगांव का लगभग 142 वर्ष पुराना आर्मी चर्च ब्रिटिश शासनकाल की महत्वपूर्ण धरोहर है, जिसका संचालन आज भी भारतीय सेना द्वारा किया जाता है. क्रिसमस के मौके पर इन चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं, सजावट और धार्मिक आयोजन किए गए, जिससे क्षेत्र में उल्लास और शांति का संदेश फैला. छतरपुर के ये चर्च यह साबित करते हैं कि धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए समाज में सांस्कृतिक पहचान बनाए रखी जा सकती है. यहां की चर्च संस्कृति और इतिहास दोनों को एक साथ जीवित रखने का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं.

## देश-विदेश के पर्यटकों को भा रहा खारी का होम स्टे

**सीहोर 25 दिसम्बर.** जिले का खारी ग्राम होमस्टे पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है. प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण संस्कृति और आतिथ्य के कारण यह होमस्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है. कलेक्टर बालगुरुके ने खारी ग्राम स्थित होमस्टे का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने होमस्टे की व्यवस्थाओं, पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता की जानकारी ली. कलेक्टर ने होमस्टे संचालकों चर्चा करते हुए कहा कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर विशेष ध्यान दिया जाए.